
# संचारी रोग नियंत्रण अभियान
# अप्रैल, 2022

## ONLINE TRAINING OF TRAINERS
## APRIL 21 AND 22, 2022

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP






2

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान

## उद्देश्य : अंतर्विभागीय सहयोग के द्वारा संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण

| विभाग का नाम |
|---|
| चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण |
| आई0सी0डी0एस0 |
| ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग |
| शिक्षा विभाग |
| नगर निगम/शहरी विकास |
| कृषि विभाग |
| पशु पालन विभाग |
| दिव्यांग कल्याण |
| स्वच्छ भारत मिशन |
| सूचना विभाग |
| संस्कृति विभाग |
| चिकित्सा शिक्षा |

**PARTENRS**

- UNICEF
- PATH
- WHO-NPSP
- TATA TRUSTS
- PLAN INDIA
- GODREJ CSR

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP



3

## DATES FOR THE CAMPAIGNS


- संचारी रोग नियंत्रण अभियान – 02 अप्रैल से 30 अप्रैल
- दस्तक अभियान – 15 अप्रैल से 30 अप्रैल

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP



4

## Cases and Deaths – Dengue, 2021





*note : dots have been placed randomly within district boundary, map not to scale



5

# Cases and Deaths – Malaria, 2021





*note : dots have been placed randomly within district boundary, map not to scale

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP



6

## Cases and Deaths – Leptospirosis, 2021




| District | # Cases | # Deaths |
|---|---|---|
| Mathura | 48 | 0 |
| Ferozabad | 4 | 0 |
| Jhansi | 8 | 1 |
| **Total** | **60** | **1** |


No cases
1 – 5 cases
6 – 10 cases
11 – 15 cases
>15 cases
1 dot = 1 death case

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP

*note : dots have been placed randomly within district boundary, map not to scale


7

## Cases and Deaths – Scrub typhus, 2021






8

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान : अप्रैल, 2022

- विगत वर्ष प्रदेश के अनेक जनपदों में बुख़ार तथा डेंगू के आउट ब्रेक सूचित हुए हैं
- कुछ जनपदों से लेप्टोस्पाईरोसिस तथा स्क्रब टायफस के रोगी भी संसूचित हुए हैं
- ऐसे में निम्न गतिविधियाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती हैं –
  - माह अप्रैल से ही जनपदों में मच्छरों के प्रजनन एवं घनत्व की स्थिति की सतत निगरानी
  - विगत वर्ष के आंकड़ों के आधार पर निर्धारित हाई रिस्क एरिया तथा संचारी रोग अभियान में पाई गई अधिक मच्छर घनत्व वाले क्षेत्रों में अंतर्विभागीय सहयोग के साथ सघन वाहक / मच्छर नियंत्रण गतिविधियाँ
  - घरों के अन्दर जाकर मच्छरों के प्रजनन अनुकूल स्थितियों की जाँच करना (आशा तथा आंगनवाडी, जनपद द्वारा ब्रीडिंग चेकिंग के लिए लगाये गए अन्य कर्मचारी)
  - मच्छरों के प्रजनन पर रोक तथा मच्छरों के काटने से बचाव के उपायों के विषय में जानकारी (आशा तथा आंगनवाडी)
  - अन्तर्विभागीय सोर्स रिडक्शन गतिविधियाँ (नगर विकास तथा ग्राम विकास स्वस्थ्य विभाग के सहयोग से)
  - कृन्तक नियंत्रण (कृषि विभाग)
  - सूकरबाड़ों तथा अन्य पशुबाड़ों की स्वच्छता के विषय में जानकारी एवं प्रशिक्षण तथा इसका स्थलीय निरीक्षण (पशुपालन विभाग)

**FOCUS ON PREVENTION AND VETOR CONTROL ACTIVITIES**

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान : अप्रैल, 2022

### मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश द्वारा हस्ताक्षरित शासनादेश संख्या 373 दिनांक 14 मार्च 2022

- मलेरिया विभाग के कर्मियों द्वारा किए गए वेक्टर घनत्व आकलन तथा फ्रंटलाइन वर्कर्स के द्वारा घर–घर भ्रमण के दौरान पाए गए ऐसे क्षेत्रों की सूचना जहाँ घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन सूचित हुआ हो, के आधार पर जिला मलेरिया अधिकारी के द्वारा वेक्टर घनत्व के विभिन्न सूचकांकों यथा हाउस इंडेक्स, ब्रेटयू इंडेक्स, कंटेनर इंडेक्स इत्यादि का आकलन किया जाएगा।
- जिन क्षेत्रों में यह सूचकांक सामान्य से अधिक पाये गये हों अथवा मच्छरों का सामान्य से अधिक प्रजनन सूचित हुआ हो ऐसे क्षेत्रों की सूची अंतर्विभागीय सहयोग से मच्छर नियंत्रण गतिविधियाँ संपादित करने हेतु नगर विकास, ग्रामीण विकास पंचायती राज इत्यादि सभी संबंधित विभागों को उपलब्ध कराई जाएंगी।
- संबंधित विभागों के जनपद तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा उपलब्ध कराई गई अधिक मच्छर घनत्व वाले क्षेत्रों की सूची में अंकित स्थानों पर समुचित वेक्टर नियंत्रण गतिविधियों संपादित की गई हैं वेक्टर नियंत्रण से संबंधित सभी गतिविधियाँ माह अप्रैल से ही प्रारंभ करना आवश्यक है ताकि रोग संचरण अवधि में रोगों के अनियंत्रित प्रसार पर नियंत्रण किया जा सके।
- वेक्टर नियंत्रण हेतु किए गए समस्त सर्वे तथा अंतर्विभागीय गतिविधियों की सूचना हेतु एक पृथक प्रपत्र इस वर्ष तैयार किया गया है जिसपर सभी संबंधित विभागों द्वारा अपनी कृत गतिविधियों की सूचना अनिवार्य रूप से राज्य मुख्यालय को प्रेषित की जाएगी।

## FOCUS ON PREVENTION AND VETOR CONTROL ACTIVITIES

| संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु चिन्हित अन्तर्विभागीय गतिविधियां |
| --- |
| चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग |

## नोडल विभाग

- जन जागरुकता अभियान
- रोगियों के उपचार की व्यवस्था
- संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार के रोगियों की निगरानी (सर्विलांस)
- **फ्रंट लाइन वर्कर्स द्वारा उलब्ध कराई गयी लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची में उल्लिखित रोगियों की लक्षण के अनुसार संचारी रोगों अथवा कोविड रोग हेतु जाँच की व्यवस्था।**
- **फ्रंट लाइन वर्कर्स द्वारा उलब्ध कराई गयी क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची में उल्लिखित रोगियों की लक्षण के अनुसार क्षय रोग हेतु जाँच रोगियों के उपचार की व्यवस्था।**
- **विगत वर्ष के आंकड़ों के आधार पर चिन्हित हाई रिस्क क्षेत्रों तथा दस्तक अभियान के दौरान घर घर टीमों के द्वारा किए गए सर्वेक्षण के आधार पर चिन्हित अधिक मच्छर/ लार्वा घनत्व वाले क्षेत्रों की सूचना सभी विभागों को अंतर्विभागीय सहयोग के द्वारा मच्छर नियंत्रण गतिविधियों हेतु उपलब्ध कराना**
- रोगियों के निःशुल्क परिवहन हेतु रोगी वाहन की सेवा की व्यवस्था
- ग्राम्य एवं नगर विकास विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये वाहक नियंत्रण गतिविधियां
- प्रचार–प्रसार एवं व्यवहार परिवर्तन गतिविधियां
- मॉनीटरिंग, पर्यवेक्षण, रिर्पोटिंग, अभिलेखीकरण एवं विश्लेषण

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP

11

| संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु चिन्हित अन्तर्विभागीय गतिविधियां | |
|---|---|
| ग्राम्य विकास/पंचायती राज विभाग | |
| गतिविधियां | • ग्रामों में नालियों की साफ–सफाई।<br>• जलभराव का निस्तारण<br>• ग्रामवासियों के सहयोग से श्रमदान द्वारा झाड़ियों की कटाई।<br>• उथले हैण्डपम्प को लाल रंग से चिन्हीकरण एवं इण्डिया मार्क।। हैण्डपम्प / प्लेटफार्म की मरम्मत<br>• ग्रामों में लार्वीसाइडल स्प्रे गतिविधि, मनरेगा फण्ड से फॉगिंग की मजदूरी का भुगतान।<br>• ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी के बीच वाले तालाबों को अपशिष्ट तथा प्रदूषण मुक्त रखना।<br>• ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज विभाग द्वारा ए0ई0एस0/जे0ई0 एवं अन्य संक्रामक रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु माइकिंग के माध्यम से प्रचार–प्रसार।<br>• **ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम निगरानी समीतियों के माध्यम से कोविड तथा संचारी रोगों के विषय में निरंतर जागरूकता स्थापित रखना तथा कोविड रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों को मेडिसिन उपलब्ध कराने में सहयोग करना।** |

| संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु चिन्हित अन्तर्विभागीय गतिविधियां | |
|---|---|
| आई0सी0डी0एस0 | |
| गतिविधियां | • कुपोषित बच्चों की पहचान एवं उपचार हेतु सन्दर्भन<br>• आशा एवं ए0एन0एम0 कार्यकत्रियों के सहयोग से अपने क्षेत्र में जनजागरण। |

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP

| संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु चिन्हित अन्तर्विभागीय गतिविधियां | |
|---|---|
| **शिक्षा विभाग** | |
| गतिविधियां | • सभी विद्यालयों में स्वास्थ्य नोडल अध्यापक चिन्हित कर जनपद तथा राज्य स्तर पर डायरेक्टरी तैयार किया जाना।<br>• शिक्षा विभाग (बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा) द्वारा अभिभावक–अध्यापक व्हाट्सएप ग्रुप द्वारा ऑडियो–वीडियो कम्यूनिकेशन द्वारा मीटिंग तथा संचारी रोगों के रोकथाम, सोशल डिस्टेन्सिंग एवं साफ–सफाई के बारे में जानकारी दी जायेगी तथा अध्यापकों द्वारा छात्रों फीवर ट्रैकिंग, प्रचार–प्रसार आदि का कार्य कराया जायेगा।<br>• उच्च शिक्षा के छात्र जो एन0सी0सी0 / एन0एस0एस0 अथवा स्काउट में प्रतिभाग कर रहे हैं उनके द्वारा कोविड वालेन्टियर्स का कार्य भी लिया जा सकता है। |

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP



13

| संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु चिन्हित अन्तर्विभागीय गतिविधियां | |
|---|---|
| **नगर निगम / शहरी विकास** | |
| गतिविधियां | • नगरीय निकायों के चुने हुये जनप्रतिनिधियों का संचारी रोगों की रोकथाम तथा साफ–सफाई के सम्बन्ध में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से संवेदीकरण।<br>• **नगरीय क्षेत्र में मोहल्ला निगरानी समीतियों के माध्यम से कोविड तथा संचारी रोगों के विषय में निरंतर जागरूकता स्थापित रखना तथा कोविड रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों को मेडिसिन उपलब्ध कराने में सहयोग करना।**<br>• नलियों / कचरे की सफाई करवाना–स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये फॉगिंग, लार्वीसाइडल स्प्रे तथा साफ–सफाई गतिविधियों की समेकित कार्ययोजना।<br>• शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग करवाना।<br>• मच्छरजनक स्थितियां पैदा करने वाले व्यक्तियों /संस्थानों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही विषयक उपविधि लागू करना।<br>• नगरीय क्षेत्रों में वातावरणीय व व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायों, खुले में शौंच न करने एवं शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरों की रोकथाम हेतु जागरुकता अभियान संचालित करना।<br>• खुली नालियों को ढकने की व्यवस्था करना।<br>• उथले हैण्डपम्पों का प्रयोग रोकने के लिये उन्हें लाल रंग से चिन्हित किया जाना।<br>• शुद्ध पेयजल की उपलब्धता हेतु हैण्डपम्प की रीबोरिंग एवं पेयजल की गुणवत्ता के अनुश्रवण के लिये बैक्टीरियोलॉजिकल /वायरोलॉजिकल जांच।<br>• जलभराव तथा वनस्पतियों की वृद्धि को रोकने के लिये आवश्यक गतिविधियां।<br>• नगरीय क्षेत्रों में ए0ई0एस0/जे0ई0 एवं अन्य संक्रामक रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु माइकिंग के माध्यम से प्रचार–प्रसार।<br>DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP |



14

| संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु चिन्हित अन्तर्विभागीय गतिविधियां | |
|---|---|
| कृषि विभाग | |
| गतिविधियां | • आवासीय क्षेत्रों के आस–पास छछून्दर, चूहों आदि को नियंत्रित करने हेतु उपाय करना। |

| संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु चिन्हित अन्तर्विभागीय गतिविधियां | |
|---|---|
| पशुपालन विभाग | |
| गतिविधियां | • आबादी वाले क्षेत्रों से सूकर बाड़ों को दूर रखने हेतु जागरुक करना।<br>• जानवरों के पालन स्थल को स्वच्छ रखने हेतु जागरुक करना। |

| संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु चिन्हित अन्तर्विभागीय गतिविधियां | |
|---|---|
| स्वच्छ भारत मिशन | |
| गतिविधियां | • उच्च रोगभार वाले ग्रामों को प्राथमिकता के आधार पर खुले में शौंच सें मुक्त करना। |

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP



15

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लांच हेतु चिन्हित गतिविधियाँ

- 1. चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग– फ्लैग ऑफ
  - अ. एल0ई0डी0 वैन
  - ब. स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा रैली
  - स. फॉगिंग वाहन
- 2. पशुपालन विभाग–प्रचार–प्रसार वाहनों का फ्लैग ऑफ
- 3. दिव्यांगजन कल्याण विभाग–दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरणों का वितरण
- 4. स्वच्छ भारत मिशन–
  - अ. प्रचार–प्रसार वाहनों का फ्लैग ऑफ
  - ब. मानसून किट्स का वितरण
- 5. नगर विकास विभाग–फॉगिंग वाहनों का फ्लैग ऑफ
- 6. शिक्षा विभाग–रैलियां
- 7. ग्राम्य विकास विभाग–
  - अ. प्रभात फेरी
  - ब. साइकिल रैली
- 8. शपथ ग्रहण कार्यक्रम – समस्त सरकारी कार्यालयों में विभागाध्यक्ष, विद्यालयों में अध्यापक, नगरीय निकायों में कार्यकारी अधिकारी तथा ग्राम स्तर पर ग्राम प्रधान द्वारा

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP

## प्रशिक्षण तथा संवेदीकरण बैठकों के आयोजन का उद्देश्य तथा अपेक्षित परिणाम

**• संचारी रोग : उचित साधन अपनाए जाने पर बचाव तथा नियंत्रण संभव**

- नितांत आवश्यक
  - ➢ जनसामान्य द्वारा किए जा सकने वाले अनेक कार्यों के विषय में समाज में समझ तथा जानकारी
  - ➢ अंतर्विभागीय सहयोग
  - ➢ जनपद तथा ब्लॉक स्तर पर विभिन्न जनप्रतिनिधियों, फ्रंटलाइन वर्कर्स तथा शिक्षकों इत्यादि को प्रशिक्षित किया जाना
- विभिन्न विभागों के पूर्व निर्धारित उत्तरदायित्व एवं कार्ययोजनायें
- अपेक्षित परिणाम – संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफलतापूर्वक संपादित करना

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP



17

## जनपद स्तरीय प्रशिक्षण का उद्देश्य

- राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में संचारी रोगों तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के विषय में प्राप्त की गई समस्त जानकारी से ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अवगत कराना।
- उद्देश्य – जनपद के प्रत्येक ब्लॉक से 4 मास्टर ट्रेनर्स को संचारी रोगों के विषय में इस प्रकार प्रशिक्षित करना कि वे ब्लॉक स्तर पर फ्रंटलाइन वर्कर्स, ग्राम प्रधानों, स्थानीय निकाय के निर्वाचित सदस्यों/कर्मचारियों तथा नोडल शिक्षकों हेतु प्रभावी रूप से प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन कर सकें।

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP

## ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण का उद्देश्य

- जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों तथा फ्रंटलाइन वर्कर्स को संचारी रोगों के कारणों, रोकथाम तथा बचाव के उपायों, लक्षणों, उपलब्ध उपचार सुविधाओं तथा त्वरित उपचार की आवश्यकता के विषय में अवगत कराना
- विभिन्न विभागों को उनकी अपेक्षित गतिविधियों के विषय में अवगत कराना
- विभिन्न विभागों को कार्ययोजना बनाने के विषय में जानकारी देना
- प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले उपरोक्त सभी प्रतिभागियों को जनसंवाद हेतु स्पष्ट बिंदु तथा जनसंवाद की सही प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराना।
- **प्रत्येक ब्लॉक पर निम्न तीन प्रशिक्षण आयोजित किये जायेंगे -**
  - **आशा , ऐ0एन0एम0 तथा आंगनवाडी कार्यकत्रियों हेतु**
  - **ग्राम प्रधानों हेतु**
  - **शिक्षकों हेतु**

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP



19

## संचारी रोग तथा दस्तक अभियान हेतु जनपद तथा ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण

| क्रम संख्या | विभाग का नाम | प्रशिक्षण में प्रतिभागी | स्थान | उत्तरदायित्व | प्रशिक्षण की विषय वस्तु /उद्देश्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सा विभाग | जनपद स्तरीय प्रशिक्षण- सभी ब्लॉक्स से 4 ब्लॉक ट्रेनर्स | मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय | CMO/ACMO (VBD) | राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी तथा प्रशिक्षण सामग्री का प्रयोग करते हुए ब्लॉक प्रशिक्षकों को इस प्रकार प्रशिक्षित करना कि वे चिकित्सा, ग्राम विकास, शिक्षा,नगर विकास तथा आई सी डी एस विभागों के उत्तरदायित्व तथा कार्ययोजना निर्माण के विषय में ब्लाक स्तर पर प्रशिक्षण देने हेतु पूर्ण रूप से सक्षम हो जाएँ |
| | | ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण - पर्यवेक्षक, फ्रंट लाइन वर्कर्स-ऐ एन एम, आशा | ब्लॉक स्तरीय चिकित्सालय पर स्वास्थ्य विभाग के ब्लॉक प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण | Block MOIC | विभिन्न संचारी रोगों के विषय में संक्षिप्त जानकारी, रोकथाम के उपाय, दस्तक अभियान में परिवारों को आशा द्वारा दी जाने वाली जानकारी, उपकेन्द्र कार्ययोजना (ऐ एन एम द्वारा) तथा घर घर भ्रमण कार्ययोजना (आशा द्वारा) बनवाकर ब्लाक चिकित्सालय पर जमा करवाना.<br>**आशा कार्यकत्रियों को मलेरिया जांच हेतु स्लाइड बनाने तथा RDT से जॉंच का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा.** |
| 2 | शिक्षा | प्रत्येक विद्यालय से एक नोडल अध्यापक | ऐ0बी0एस0ऐ0 कार्यालय | ABSA | नोडल अध्यापकों का संचारी रोगों, पर्यावरणीय एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के विषय में छात्रों को दिए जाने वाले संदेशों तथा शिक्षा विभाग की गतिविधियों तथा कार्ययोजना के विषय में संवेदीकरण करना |
| 3 | ग्राम विकास | ग्राम प्रधान.ग्रांम विकास अधिकारी | बी0डी0ओ0 कार्यालय | BDO | रोगों की रोकथाम हेतु जागरूकता बैठकें तथा रैली, ग्रामीण क्षेत्रों में साफ़- सफाई, मच्छरों तथा रोडेन्टस की रोकथाम, असुरक्षित जल स्रोतों का चिन्हीकरण तथा स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना, मनरेगा फंड्स का प्रयोग करते हुए स्वास्थ्य विभाग के दिशा -निर्देशन में फोगिंग तथा लार्विसायीडल स्प्रे |
| 4 | नगर विकास विभाग | स्थानीय निकाय के निर्वाचित सदस्य तथा कर्मचारी | स्थानीय नगरीय निकाय मुख्यालय | Executive officer, Urban Body | नगरीय क्षेत्रों में साफ़- सफाई, मच्छरों तथा रोडेन्टस की रोकथाम, असुरक्षित जल स्रोतों का चिन्हीकरण तथा स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना, स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से फोगिंग तथा लार्विसायीडल स्प्रे गतिविधियाँ ,स्वास्थ्य विभाग के साथ समेकित कार्ययोजना तैयार करना |

नोट : 1 . उपरोक्त सभी प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग के जनपद स्तर पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य विभाग के ब्लॉक ट्रेनर्स के द्वारा दिए जायेंगे, परन्तु प्रशिक्षण सत्र के आयोजन का उत्तरदायित्व उपरोक्त तालिका के अनुसार होगा .
2. उपरोक्त सभी प्रशिक्षण अभियान से पूर्ववर्ती सप्ताह में सम्पादित किये जाने चाहिए .



20

| बैठक/ प्रशिक्षण का नाम | दिवस/ तिथि | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|
| राज्य स्तरीय पार्टनर्स बैठक | दिनांक 10 मार्च, 2022 | महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0। |
| राज्य स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक | दिनांक 15 मार्च, 2022 | सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण, उ0प्र0। |
| राज्य / जनपद / ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण | दिनाँक 21 से 22 मार्च, 2021 | राज्य मुख्यालय/यूनीसेफ / पाथ / डब्लू0एच0ओ0 |
| ब्लॉक स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठकें | दिनाँक 21 मार्च, 2022 | उप–जिलाधिकारी/ ब्लॉक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/खंड विकास अधिकारी |
| प्रथम जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक | दिनाँक 24 मार्च, 2022 | जिलाधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| ब्लाक स्तर पर नोडल अध्यापकों का संवेदीकरण | ब्लाकवार योजना बनाते हुए दिनाँक 26–28 मार्च, 2022 के मध्य | शिक्षा विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी |
| स्थानीय निकायों पर संवेदीकरण बैठकें | समस्त नगर निगम– शुक्रवार, 25 मार्च, 2022 | स्थानीय निकायों के कार्यकारी अधिकारी |
| | समस्त नगर पालिका– शनिवार, 26 मार्च, 2022 | |
| | समस्त नगर पंचायत – सोमवार, 28 मार्च, 2022 | |
| ब्लाक स्तरीय ग्राम प्रधान / ग्राम विकास अधिकारी संवेदीकरण बैठक | ब्लॉकवार योजना बनाते हुए दिनाँक 25–27 मार्च, 2022 के मध्य पूर्ण करा लिया जाए। | खंड विकास अधिकारी |
| विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु ब्लॉक एवं जनपद स्तरीय माइक्रोप्लान की उपलब्धता | दिनांक 28 मार्च, 2022 | समस्त विभाग |
| द्वितीय जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक | दिनाँक 30 मार्च, 2022 | जिलाधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| दस्तक अभियान हेतु ब्लॉक स्तरीय माइक्रोप्लान की उपलब्धता( माह मार्च के माइक्रोप्लान पर आधारित) | दिनांक 10 अप्रैल, 2022 | ब्लॉक प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| दस्तक अभियान के संचालन हेतु ब्लॉक चिकित्सालय पर आशा, ए.एन.एम. तथा आँगनवाडी कार्यकर्त्रियों का संवेदीकरण | ब्लॉक वार योजना बनाते हुए दिनाँक 12 से 14 अप्रैल, 2022 के मध्य पूर्ण करा लिया जाए। | ब्लॉक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |

नोट : 1 . उपरोक्त सभी प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग के जनपद स्तर पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य विभाग के ब्लॉक ट्रेनर्स के द्वारा दिए जायेंगे, परन्तु प्रशिक्षण सत्र के आयोजन का उत्तरदायित्व उपरोक्त तालिका के अनुसार होगा . सभी प्रशिक्षण 20-30 [प्रतिभागियों के छोटे समूहों में आयोजित किये जायेंगे.



21

# महत्वपूर्ण बिंदु

- संबंधित विभाग द्वारा समय से सभी जनपदों को निर्देशित किया जाना
  - प्रशिक्षणों का आयोजन एवं प्रतिभागिता
  - माइक्रो-प्लानिंग फॉरमैट्स पर कार्ययोजना तैयार कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर उपलब्ध कराना
  - कार्ययोजना के अनुसार सभी गतिविधियाँ संचालित करना
  - 02 अप्रैल को सभी कार्यालयों एवं विद्यालयों में शपथ ग्रहण
  - साप्ताहिक रिपोर्ट प्रत्येक सोमवार तक एवं अंतिम रिपोर्ट 05 मई तक राज्य मुख्यालय प्रेषित करना
  - अपने विभाग की गतिविधियों का सुपरविजन एवं मॉनिटरिंग

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP



22

## PLANNING ACTIVITIES – TIMELINE FOR SANCHARI APRIL 2022

- **पूरे प्रदेश में दिनांक 21 मार्च, 2022 को ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक**
  - ब्लॉक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी अन्य सभी विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी
  - सभी विभागों के माइक्रो प्लैनिंग फोर्मट्स तथा प्रत्येक विभाग द्वारा अपेक्षित गतिविधियों के विषय में विस्तार से चर्चा
  - माइक्रो प्लानिंग फॉर्मेट ब्लॉक स्तर से तैयार कर प्रत्येक विभाग के द्वारा जनपद स्तर पर प्रेषित किए जाने हैं जहां विभाग के जनपदीय मुख्यालय पर इनका संकलन कर यह माइक्रो प्लानिंग प्रपत्र प्रत्येक विभाग के द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराए जायेंगे।
- **समस्त जनपदों में जनपदीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन दिनाँक 24 एवं 30 मार्च को**
  - ब्लाक टास्क फोर्स की बैठक के आयोजन, ब्लाक स्तरीय माइक्रो प्लानिंग फोर्मट्स की उपलब्धता एवं पूर्णता, ब्लाक स्तरीय अधिकारियों की अभियान से सम्बंधित गतिविधियों के विषय में जानकारी तथा अभियान की मॉनिटरिंग की रूपरेखा का आकलन
  - अभियान पर विस्तृत चर्चा की जाए

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP



23

# दस्तक अभियान
# अप्रैल, 2021

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP



24

## दस्तक अभियान

दस्तक अभियान संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम का एक घटक है जिसके अंतर्गत प्रशिक्षित फ्रंट लाइन वर्कर्स (आशा एवं अनागंवाडी कार्यकर्ता) घर–घर भ्रमण कर विभिन्न रोगों के नियंत्रण एवं उपचार की जानकारी प्रदान करने हेतु प्रचार–प्रसार एवं व्यवहार परिवर्तन गतिविधियाँ संचालित करते हैं।

इसके साथ ही फ्रंट लाइन वर्कर्स के द्वारा इस अभियान के अंतर्गत कुपोषित बच्चों तथा विभिन्न रोगों के लक्षण युक्त व्यक्तियों का चिन्हीकरण कर सूचीबद्ध किये जाने का कार्य भी दस्तक अभियान के अंतर्गत किया जाता है।

अभियान के दौरान बैठकें

- ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समीति
- क्लोरिनेशन डेमो आयोजित कराना
- संचारी रोगों / ए0ई0एस0 की समूह बैठक आयोजित कराना
- वीएचएनडी आयोजित कराना
- मातृ बैठक आयोजित कराना
- स्वयं सहायता समूहों की बैठक आयोजित कराना

सभी बैठकों में क्षय रोग के विषय में भी चर्चा की जाए

- फ्रंट लाइन कार्यकर्ता घरों के भीतर प्रवेश कर मच्छरों के प्रजनन की स्थिति का आकलन करेंगे साथ ही बुख़ार के रोगियों की मलेरिया जाँच हेतु स्लाइड बनाने अथवा आर0डी0टी0 से जांच का कार्य भी करेंगे ।

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP



25

## दस्तक अभियान

प्रशिक्षण के दौरान फ्रंट लाइन वर्कर्स को बताएं कि संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियानों से उत्तर प्रदेश में दिमागी बुखार एवं जापानीज इन्सेफेलाइटिस के रोगियों की संख्या एवं इन रोगों के कारण होने वाली मृत्यु में काफी कमी आई है. साथ ही विभिन्न रोगों से बचाव के विषय में जनता की जानकारी तथा स्वच्छता के प्रति व्यव्हार में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP



26

## दस्तक अभियान का विकास

- वर्ष 2018 : बस्ती एवं गोरखपुर मंडल के 7 जनपद – दिमागी बुखार पर केन्द्रित
- वर्ष 2019 : 18 जनपद – गोरखपुर / बस्ती / लखनऊ / देवीपाटन मंडलों के समस्त 17 जनपद तथा बाराबंकी जनपद – दिमागी बुखार पर केन्द्रित
- वर्ष 2020
  - मार्च 2020 : प्रदेश के समस्त 75 जनपद, समस्त संचारी रोगों पर केन्द्रित
  - जुलाई एवं अक्टूबर 2020 : प्रदेश के समस्त 75 जनपद, समस्त संचारी रोगों पर केन्द्रित, साथ में कोविड–2019 रोग से बचाव के उपायों तथा इस रोग के संभावित रोगियों का चिन्हीकरण एवं लाइन लिस्टिंग।

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP



27

## *दस्तक अभियान अप्रैल 2022*

**अप्रैल 2022 :** प्रदेश के **समस्त 75 जनपद**, समस्त संचारी रोगों पर केन्द्रित

- बुखार के रोगियों की सूची
- कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण एवं लाइन लिस्टिंग
- कोविड–2019 रोग से बचाव के उपायों तथा इस रोग के संभावित रोगियों का चिन्हीकरण एवं लाइन लिस्टिंग,
- प्रत्येक मकान पर क्षय रोग के संभावित रोगियों के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुये क्षय रोग के लक्षणों वाले व्यक्तियों की लाइन लिस्टिंग
- **घरों के भीतर मच्छरों के प्रजनन की स्थिति का आकलन, इस विषय में संवेदीकरण तथा क्षेत्रवार ऐसे मकानों की सूची तैयार करना जहाँ घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो**

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP



28

## *घर–घर भ्रमण के दौरान फ्रंट लाइन वर्कर्स (आशा एवं आंगनवाडी कार्यकत्री) द्वारा अपेक्षित गतिविधिया*

**सामान्य अभिवादन के पश्चात अपने आने का प्रयोजन तथा दस्तक एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान के विषय में परिवार के सदस्यों को अवगत करने के उपरान्त फ्रंट लाइन वर्कर्स निम्न बिन्दुओं पर परिवार के सदस्यों के साथ वार्ता करेंगे –**

1. वातावरणीय स्वच्छता
2. व्यक्तिगत स्वच्छता
3. शौचालय के प्रयोग एवं खुले में शौच ना करना
4. हाथ धोने का महत्व तथा इस का सही तरीका
5. उथले तथा असुरक्षित जल स्रोतों का प्रयोग ना करना, स्वच्छ पेयजल का उपयोग
6. कुपोषण के कारण तथा कुपोषित बच्चों हेतु पुष्टाहार, कुपोषित बच्चों का उपचार हेतु संदर्भन

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP



29

## *दस्तक अभियान में घर–घर भ्रमण के दौरान फ्रंट लाइन वर्कर्स (आशा एवं आंगनवाडी कार्यकत्री) द्वारा अपेक्षित गतिविधिया*

7. मच्छरों से बचाव के उपाय

8. निकटवर्ती सरकारी चिकित्सालयों में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं तथा अप्रशिक्षित चिकित्सकों से उपचार ना कराने के विषय में आवश्यक जानकारी।

9. दिमागी बुखार से अति प्रभावित 18 जनपदों (गोरखपुर / बस्ती / लखनऊ / देवीपाटन मंडलों के समस्त जनपद तथा बाराबंकी जनपद) में आशा कार्यकर्ता कृन्तक नियंत्रण (रोडेंट कण्ट्रोल – चूहा, छछूंदर आदि पर नियंत्रण) के विषय में भी परिवार के सदस्यों से वार्ता करेंगी तथा परिवार के सदस्यों को अवगत कराएंगी कि चूहे–छछूंदर से स्क्रब टायफस नमक रोग फैलता है जो दिमागी बुखार का सबसे बड़ा कारण है।

10.साथ ही इन जनपदों में फ्रंट लाइन वर्कर्स प्रत्येक बुखार के रोगी को तत्काल निकटवर्ती सरकारी चिकित्सालय ले जाकर शीघ्रतापूर्वक उपचार कराने के विषय में भी परिवार को अवगत कराएंगी।

11. **क्षय रोग के लक्षण तथा बचाव के उपाय**

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP

## घर–घर भ्रमण के दौरान फ्रंट लाइन वर्कर्स (आशा एवं आंगनवाडी कार्यकत्री) द्वारा अपेक्षित गतिविधिया

**फ्रंट लाइन वर्कर्स प्रत्येक परिवार में कोविड वैक्सीनेशन के विषय में अनिवार्य रूप से वार्ता करते हुए बताएं कि -**

- **कोविड वैक्सीन सुरक्षित तथा प्रभावी है**
- **वैक्सीन लगवा चुके व्यक्तियों में से अधिकांश में या तो कोविड रोग होता ही नहीं है और अगर होता है तो गंभीर बीमारी नहीं होती**
- **जिन परिवारों में 0-18 वर्ष के बच्चे हैं, वहां इन बच्चों की सुरक्षा के लिए भी कोविड वैक्सीन बड़ों को लगवाना जरूरी है**

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP



31

## *दस्तक अभियान में घर–घर भ्रमण के दौरान आशा द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्न :*

**विभिन्न रोगों के संभावित रोगियों के विषय में जानकारी प्राप्त करने हेतु फ्रंट लाइन वर्कर्स के द्वारा निम्नलिखित सवाल हर घर पर पूछे जायेंगे –**

प्रश्न 1: क्या परिवार में किसी सदस्य को बुखार है ? यदि हाँ, तो उनको जांच हेतु सूची बद्ध करना है। (Table 1)

प्रश्न 2 : परिवार में किसी सदस्य को दो सप्ताह से कम की खांसी / सांस लेने में भी परेशानी हो रही है ? यदि हाँ, तो उनको कोविड़ जांच हेतु सूची बद्ध करना है। (Table 2)

प्रश्न 3 : परिवार में कोई ऐसा सदस्य तो नहीं है जिसको दो सप्ताह से अधिक समय से खांसी आ रही हो या वजन कम हो रहा हो या बलगम में खून आ रहा हो (संभावित क्षय रोगी) ? यदि हाँ, तो उनको क्षय रोग की जाँच हेतु सूची बद्ध करना है। (Table 3)

प्रश्न 4 : क्या परिवार में किसी बच्चे के स्वास्थ्य का स्तर सामान्य से निम्न है, यदि हाँ तो ऐसे बच्चे का परीक्षण कर कुपोषण पाए जाने की स्थिति में कुपोषित बच्चों की सूची में सूचीबद्ध करें। (Table 4)

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP

## दस्तक अभियान में लाइन लिस्ट्स


फ्रंट लाइन वर्कर्स निम्न प्रकार की सूचियां अपनी रिपोर्ट के साथ प्रतिदिन कार्य की समाप्ति पर क्षेत्रीय ए0एन0एम0 के माध्यम से ब्लॉक मुख्यालय पर उपलब्ध कराएंगे –

1. बुखार के रोगियों की सूची (Table 1)
2. कोविड–2019 रोग के संभावित रोगियों की लाइन लिस्टिंग (Table 2)
3. क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों व्यक्तियों की सूची (Table 3)
4. कुपोषित बच्चों की सूची (Table 4)
5. क्षेत्रवार ऐसे मकानों की सूची जहाँ घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो (Table 5)

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP



33


आशा कार्यकत्रियों हेतु वित्तीय प्रावधान
• राज्य बजट से आशा कार्यकत्री को रु 200 का भुगतान (पूरे चरण के लिए)
• मलेरिया –
➢ प्रत्येक मलेरिया रोगी की स्लाइड अथवा RDT किट से जाँच करने पर आशा कार्यकर्ता को ₹15 का भुगतान किया जाएगा.
➢ यदि मलेरिया धनात्मक रोगी है तो RT पूर्ण करने तथा तीसरे , सातवें एवं चौदहवें दिन पर रोगी का फॉलो-अप पूर्ण करने पर ₹75 का भुगतान
• जापानीज एन्सेफलायिटिस - रोग के कन्फर्म होने पर ₹250 का भुगतान
DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP



34

# बुखार के रोगी के मिलने पर कार्यवाही

| क्रम संख्या | लक्षण | रोग का नाम | कार्यवाही |
|---|---|---|---|
| 1 | बुखार के साथ कपकपी अथवा जाड़ा लगना | मलेरिया | 1. बुखार के प्रत्येक का विवरण प्रारूप के अनुसार अंकित करें<br>2. परिवार के अन्य सदस्यों के लिए बचाव के उपाय बताएं<br>3. **बुखार के प्रत्येक रोगी की मलेरिया जांच हेतु स्लाइड बनयें अथवा RDT किट द्वारा जांच करें.**<br>4. बनाई गई स्लाइड को ब्लॉक चिकित्सालय पर जांच हेतु उपलब्ध कराएं .<br>5. बुखार के रोगी को उपचार हेतु निकटतम स्वास्थ्य केंद्र भेजें.<br>6. यदि मलेरिया का रोगी है तो उसकी 14 दिनों तक पूर्ण उपचार सुनिश्चित करें |
| 2 | बुखार के साथ शरीर पर चकत्ते पड़ना अथवा रक्त स्राव | डेंगू रोग | |
| 3 | बुखार के साथ जोड़ों में दर्द | चिकनगुनिया | |
| 4 | बुखार के साथ बेहोशी, झटके आना | जापानीज इन्सेफेलाइटिस | 7. क्षय रोग के संभावित रोगियों की सूची क्षेत्रीय ऐ एन एम के माध्यम से ब्लाक मुख्यालय पर उपलब्ध करायी जाएगी |
| 5 | दो सप्ताह से अधिक की खाँसी, वजन कम होना, बलगम में खून आना | क्षय रोग | |

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP



35

# महत्वपूर्ण बिंदु

दिमागी बुखार से प्रभावित 18 जनपदों में 15 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों वाले परिवारों में से प्रत्येक परिवार प्रत्येक घर पर स्टीकर लगाया जाएगा अन्य 57 जनपदों में आशाओं को 25 स्टीकर दिए जाएंगे जिन्हें वे घरों में से एक घर पर लगाएंगे

बुखार के मरीजों हेतु मरीजों की निम्न जानकारी आशा कार्यकर्ताओं द्वारा अंकित की जाएगी :

| क्रम संख्या | नाम | पिता का नाम | पूरा पता | मोबाइल नंबर | मलेरिया हेतु स्लाइड अथवा RDT से जांच (हाँ/नहीं) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

क्या बुखार के रोगियों की सूची तथा स्लाइड्स ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचा दी गई है (हाँ /नहीं)
क्या स्लाइड्स में से किसी के धनात्मक आने की सूचना प्राप्त हुई (हाँ/नहीं)

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP



36

संचारी रोग नियंत्रण अभियान - माह फरवरी 2019

नोडल अधिकारी के उत्तरदायित्व

**राज्य स्तर**

1 यह सुनिश्चित करना कि समस्त जनपदों तक संचारी अभियान की तिथियाँ , अभियान में विभागीय गतिविधियों तथा माइक्रो प्लानिंग फोर्मट्स के विषय में पूरी जानकारी ससमय उपलब्ध करा दी गयी है

2 राज्य स्तर पर हुई विभिन्न बैठकों में प्रतिभाग कर सभी स्तरों पर इन बैठकों में लिए गए निर्णय के विषय में जानकारी उपलब्ध कराना

3 यह सुनिश्चित करना कि समस्त जनपदों में जनपदीय अधिकारी संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु आयोजित अन्तर्विभागीय बैठकों में प्रतिभाग कर रहे हैं तथा ब्लाक स्तर तक सभी सूचनाएँ उपलब्ध हो रही हैं

4 यह सुनिश्चित करना कि ग्राम स्तर से जनपद स्तर तक सभी माइक्रो प्लान्स तैयार कर तदानुसार विभागीय कार्यवाही तथा गतुविधियाँ संचालित की जा रही हैं

5 यह सुनिश्चित करना कि अभियान की प्रगति आख्या नियत प्रपत्रों पर जनपद मुख्यालय से राज्य स्तर पर प्रेषित की जा रही है.

6 जनपदों को निर्देशित करना

**जनपद स्तर**

1 यह सुनिश्चित करना कि समस्त ब्लॉक तथा ग्राम स्तरीय अधिकारियों तक संचारी अभियान की तिथियाँ , अभियान में विभागीय गतिविधियों तथा माइक्रो प्लानिंग फोर्मट्स के विषय में पूरी जानकारी ससमय उपलब्ध करा दी गयी है

2 जनपद स्तर पर हुई विभिन्न बैठकों में प्रतिभाग कर इन बैठकों में लिए गए निर्णय के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करवाना

3 यह सुनिश्चित करना कि ग्राम स्तर से जनपद स्तर तक सभी माइक्रो प्लान्स तैयार कर तदानुसार विभागीय कार्यवाही तथा गतुविधियाँ संचालित की जा रही हैं

4 यह सुनिश्चित करना कि अभियान की प्रगति आख्या नियत प्रपत्रों पर जनपद मुख्यालय से राज्य स्तर पर प्रेषित की जा रही है.

5 अभियान के दौरान मॉनिटरिंग में पाए गए तथ्यों तथा मॉनिटरिंग फीडबैक के आधार पर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु सम्बंधित को निर्देशित करना

**ब्लॉक स्तर**

1 यह सुनिश्चित करना कि समस्त ग्राम स्तरीय अधिकारियों तक संचारी अभियान की तिथियाँ , अभियान में विभागीय गतिविधियों तथा माइक्रो प्लानिंग फोर्मट्स के विषय में पूरी जानकारी ससमय उपलब्ध करा दी गयी है

2 जनपद स्तर पर हुई विभिन्न बैठकों में प्रतिभाग कर इन बैठकों में लिए गए निर्णय के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करवाना

3 यह सुनिश्चित करना कि ग्राम स्तर से ब्लॉक स्तर तक सभी माइक्रो प्लान्स तैयार कर तदानुसार विभागीय कार्यवाही तथा गतुविधियाँ संचालित की जा रही हैं

4 यह सुनिश्चित करना कि अभियान की प्रगति आख्या नियत प्रपत्रों पर ब्लॉक मुख्यालय से जनपद स्तर पर प्रेषित की जा रही है.

5 अभियान के दौरान मॉनिटरिंग में पाए गए तथ्यों तथा मॉनिटरिंग फीडबैक के आधार पर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु सम्बंधित को निर्देशित करना

DR VIKASNEDU AGARWAL SSO, UP

# MICROPLANNING FORMATS



38






39

# CONTACT DETAILS

- idspup@gmail.com
- aesjestate@gmail.com
- DR VIKASENDU AGARWAL : 9219793100 / 9268783100
- DR HK AGRWAL : 9454455475
- Dr Mohit Singh : 9936848887
- Dr Anuj Tripathi : 8004747315
- Sri Rajesh (State Epidemiologist) : 76190 80530



40